बीस फुट लंबा सांप

प्रदर्शनी में,
एक तम्बू के सामने,
एक जोकर लगा था चिल्लाने -
"आइए, 20 फुट लंबा सांप देखिये,
केवल एक आने में" ।
तभी एक सज्जन पधारे,
आधे पक्के थे, आधे कच्चे,
साथ में थे बीस बच्चे ।।

जोकर बोला -
"बाहर क्यों खड़े हैं आप ?
भीतर देखिये 20 फुट लंबा सॉप,
गधैय्या गाती है अंग्रेजी गाना,
टिकिट सिर्फ एक आना" ।
सज्जन बोले -
"मेरे साथ तो हैं बीस बच्चे " ।।

जोकर बोला -
जी, बहुत अच्छे हैं,
ये क्या सब आपके हैं ।
सज्जन दहाड़े-
नहीं तो क्या आपके बाप के हैं ।।

जोकर हंस कर बोला-
अच्छा आइये-आइये,
लाइन में लगाकर बच्चों को अन्दर ले आइए।
सज्जन के भीतर जाते ही,
जोकर नाचने गाने लगा,
जोर से चिल्लाने लगा-
आइए आइए,
केवल दो आने में,
तमाशे का मजा उठाइए,
बीस फुट लंबा सांप देखिये,
और साथ में, बीस बच्चों वाला बाप देखिये ।।

संकलनकर्ता: कैलाश चन्द्र कथेरिया, भूतपूर्व अवर श्रेणी लिपिक